American Cancer Society
Every cancer. Every life.

कैंसर के बायोमार्कर्स

Cancer Biomarkers - Hindi

बायोमार्कर्स जीन, प्रोटीन, या अन्य ऐसे पदार्थ होते हैं जो कुछ जाँचों में दिखाई देते हैं और डॉक्टरों को किसी व्यक्ति के कैंसर के बारे में अधिक जानकारी देते हैं। भले ही दो लोगों को एक ही प्रकार का कैंसर हो, फिर भी कैंसर कोशिकाएं बिल्कुल एक जैसी नहीं हो सकती हैं। प्रत्येक कैंसर की कुछ विशेषताएं होती हैं जो इस बात को प्रभावित करती हैं कि यह कैसे बढ़ता है और कैंसर उपचार के प्रति कैसे प्रतिक्रिया देगा।

कैंसर से पीड़ित लोगों के लिए बायोमार्कर्स का इस्तेमाल कैसे किया जाता है?

बायोमार्कर्स डॉक्टरों को कैंसर के बारे में बहुत कुछ बता सकते हैं। जाँच के परिणाम दिखा सकते हैं कि:

- व्यक्ति के कैंसर का सबसे अच्छा इलाज क्या हो सकता है
- क्या कैंसर के बढ़ने और फैलने की संभावना अधिक है
- क्या कोई उपचार काम कर रहा है
- क्या कैंसर वापस आ गया है

बायोमार्कर जाँच कैसे की जाती है?

अधिकांश बायोमार्कर जाँचें कैंसर कोशिकाओं या रक्त पर की जाती हैं। इसका मतलब है कि आपके डॉक्टर को आपकी कैंसर कोशिकाओं या रक्त के नमूने लेने की आवश्यकता होगी।

- ठोस ट्यूमर (जैसे कि स्तन, फेफड़े, कोलन, या प्रोस्टेट कैंसर) के लिए, नमूने अक्सर बायोप्सी या सर्जरी के दौरान लिए जाते हैं। यदि ट्यूमर का नमूना लेना कठिन है, तो इसके बजाय रक्त के नमूने का उपयोग किया जा सकता है।
- ब्लड कैंसरों (जैसे ल्यूकेमिया या लिम्फोमा) के लिए, रक्त या बोन मैरो से नमूने लिए जा सकते हैं।
- कुछ कैंसरों के लिए, शरीर के अन्य तरल पदार्थों (जैसे मूल) से नमूने लिए जा सकते हैं।

आपका नमूना प्रयोगशाला में भेजा जाएगा, जहां बायोमार्कर्स के लिए इसकी जाँच की जाएगी।

क्या मुझे बायोमार्कर जाँच करवानी चाहिए?

कई प्रकार के बायोमार्कर्स होते हैं, और हर समय अधिक पाए जा रहे हैं। कुछ प्रकार के कैंसर, जैसे फेफड़ों, स्तन, और कोलन के कैंसर की बायोमार्कर्स के लिए जाँच की जा सकती है।

कुछ अन्य प्रकार के कैंसर के लिए, बायोमार्कर जाँच अभी उपयोगी नहीं हो सकती है। अपनी कैंसर देखभाल टीम से पूछें कि क्या आपके कैंसर के प्रकार के लिए बायोमार्कर जाँच की जा सकती है।

मुझे बायोमार्कर्स के बारे में क्या प्रश्न पूछने चाहिए?

अपनी कैंसर देखभाल टीम से इस बारे में बात करें कि आपको बायोमार्कर जाँच करानी चाहिए या नहीं। आप शायद यह पूछना चाहेंगे:

- क्या बायोमार्कर्स के लिए मेरे कैंसर की जाँच की जा सकती है? क्यों या क्यों नहीं?
- मैं कहां जाँच करवा सकता/सकती हूं?
- बायोमार्कर जाँच कराने में कितना खर्च आएगा?
- क्या मेरा बीमा बायोमार्कर जाँच के लिए भुगतान करेगा?
- यदि मेरे कैंसर में बायोमार्कर है, तो मेरे इलाज के लिए इसका क्या मतलब है?
- यदि मेरे कैंसर में बायोमार्कर है, तो मेरे परिवार के अन्य लोगों के लिए इसका क्या मतलब है?

कैंसर बायोमार्कर और उनके उपयोग के बारे में अधिक जानने के लिए cancer.org/biomarkertests पर जाएं या हमें 1 800 227 2345 पर कॉल करें। जब भी आपको हमारी ज़रूरत हो, हम आपकी मदद के लिए मौजूद हैं।

©2024, American Cancer Society, Inc.
No. HIN081406 Rev. 8/24

BBB ACCREDITED CHARITY
bbb.org/charity